# भोले की आई है बारात

भोले की आई है बारात
धुन- मत्थे ते चमकन वाल
भोले की, आई है बारात, सब को बधाई हो ॥
आई है, गौरां जी के द्वार, सब को बधाई हो ।
भोले की, आई है बारात,

क्या कुछ, पहना, दूल्हे ने सखियों ॥
गौरा ये, पूछ रही आज, सब को बधाई हो ।
भोले की, आई है बारात,

भस्म, रमाए गले, सर्पों की माला ॥
जटा में है, गंगा साथ, सब को बधाई हो ।
भोले की, आई है बारात,

कैसा, है मुखड़ा, दूल्हे का सखियों ॥
दिल क्यों ये, धड़के बार बार, सब को बधाई हो ।
भोले की, आई है बारात,

मुखड़ा, क्या पूछे गौरां, बुड्ढा सो साल का ॥
ना मुंह में, दांत ना ही आंत, सब को बधाई हो ।
भोले की, आई है बारात,

कौन-कौन, बाराती, आए ससुराल से ॥
शगुन में, लाए क्या साथ, सब को बधाई हो ।
भोले की, आई है बारात,

भूत, प्रेत आए, सारे बराती ॥
सर्पों की, गूंजे फुंकार, सब को बधाई हो ।
भोले की, आई है बारात,

हाथ जोड़, कहे गौरां, सुनो भोले नाथ जी ॥
शादी तो, दूर की है बात, होगी जग हंसाई हो ।
भोले की, आई है बारात,

रूप, बनाया सुंदर, उम्र सौलह की ॥
फूलों की, हुई बरसात, सबको बधाई हो ।
भोले की, आई है बारात,

हर हर महांदेव

अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/34457/title/bhole-ki-aayi-hai-barat

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |